an>

Title: Need to implement Uniform Civil Code in the country.

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे पूर्व प्रधान मंत्री परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म दिन 25 दिसम्बर को है। पूरा भारतवर्ष उसे मनाने जा रहा है। आज भी उनके भाषण, विचार, उनकी आवाज कानों में घूमती है। उन्होंने कहा था कि जिस दिन मेरी सरकार बहुमत में आएगी उस दिन मैं धारा 370 इस संविधान से हटाऊंगा। समान नागरिक संहिता शुरू करूंगा और राम मंदिर भी पूर्ण करूंगा। दुर्भाग्यवश आज वे प्रधान मंत्री नहीं हैं लेकिन हमारी सरकार बहुमत में आई है।

उपाध्यक्ष महोदय जी, मैं आपके समक्ष यह बात लाना चाहता हूं कि आज सरकार बहुमत में आई है, जम्मू कश्मीर की प्रगति नहीं हो रही है। वहां भी उनका मुख्य धारा में समावेश नहीं किया जा रहा है। हमारे पंडित जो जम्मू कश्मीर से आज भी दूर हैं, उन्हें भी जम्मू कश्मीर में लाना है। आज ऐसी सुहानी घड़ी आई है कि हमारे नसीब से एक बलवान, ताकतवर प्रधान मंत्री इस देश को मिले हैं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि पूर्व प्रधान मंत्री माननीय वाजपेयी जी का सपना साकार करने की सुहानी घड़ी आई है। हमारी सरकार इस सुहानी घड़ी पर धारा 370 रद्द करे और समान नागरिक कानून लागू करे, ऐसी मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करता हूं।